## प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 29.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पालमपुर दौरा रद्द– खराब मौसम के चलते सुरक्षा कारणों से लिया गया निर्णय।
- प्रदेश के चार नगर निगमों सहित 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू।
- शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओ.पी.डी. को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने के फैसले का डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने किया विरोध।
- पश्चिम एशिया में चल रही बदलती स्थिति के बावजूद देशभर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू।
- मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट– प्रदेश के निचले व मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।

### राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कल 30 अप्रैल का प्रस्तावित पालमपुर दौरा खराब मौसम के चलते रद्द कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में खराब मौसम की संभावना को देखते हुए सुरक्षा कारणों से ये निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति इन दिनों हिमाचल प्रदेश के 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं और उनका कल पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम था।

### नड्डा – स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कल से चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय प्रथाओं व नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपनाई गई नवोन्मेषी और प्रभावशाली प्रथाओं को प्रदर्शित करना, उन्हें मान्यता देना और उनका दस्तावेजीकरण करना है। सम्मेलन में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने, डिजिटल स्वास्थ्य नवाचारों और सेवा वितरण प्रणालियों में सुधार जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर पूर्ण सत्र, चर्चाएँ और प्रदर्शनियाँ आयोजित होंगी।

### नगर निगम चुनाव

प्रदेश के 4 नगर निगमों पालमपुर, सोलन, धर्मशाला व मण्डी सहित 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र कल 30 अप्रैल और 2 मई को भी भरे जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने के पहले दिन आज नगर निगम सोलन और मण्डी में एक–एक उम्मीदवार ने अपने–अपने नामांकन पत्र भरे। उधर, धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए 7 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे भरे। धर्मशाला के उपमण्डल अधिकारी मोहित रतन ने बताया कि 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 6 मई को दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापिस ले सकेंगे। इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे। इसी तरह विभिन्न शहरी निकायों निर्वाचन के लिए भी विभिन्न निकायों में आज अनेक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने आज मण्डी नगर निगम के 15 जबकि नगर निगम पालमपुर के 11 वार्डों के लिए प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं।

## विरोध प्रदर्शन

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओ.पी.डी. को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने के फैसले के विरोध में आज डॉक्टरों, नर्सों और पैरा मैडिकल कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर अपना असंतोष जताया और मुख्यमंत्री से इस फैसले को तुरंत वापिस लेने की मांग की। के.एन.एच. के चीफ फार्मासिस्ट ऑफिसर व अस्पताल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि इस फैसले से स्टाफ की कमी और बढ़ेगी जिससे महिलाओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा आई.जी.एम.सी. के बजाय के.एन.एच. में ही शुरू की जानी चाहिए।

## दुर्घटना

ऊना ज़िला में माता चिंतपूर्णी मंदिर के पास भरवाईं–मुबारकपुर सड़क पर एक कार के गहरी खाई में गिरने से 2 व्यक्तियों की मौत हो गई है। ऊना के पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है लेकिन गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर लुधियाना का था। उन्होंने कहा कि गाड़ी में सवार लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर तुरंत बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिए। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार कार में चार लोग सवार थे और वे माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन करने के बाद पंजाब वापिस लौट रहे थे।

## ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग

पश्चिम एशिया में चल रही बदलती स्थिति के बावजूद, केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से जारी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में एलपीजी वितरकों के यहां एलपीजी की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि देश भर में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और अप्रैल माह में एक लाख 84 हजार टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हुई है।

## पेयजल संकट

नाहन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोगीनंद में जल शक्ति विभाग की पेयजल योजना में तकनीकी खराबी आने से लोगों को भीषण गर्मी के दौरान जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि समस्या को देखते हुए दो मोटरें इस योजना में उपलब्ध करवाई जाएं।

वहीं, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता देवानंद पुंडीर ने बताया कि ग्राम पंचायत मोगीनन्द की समस्या संज्ञान में है और संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के भी निर्देश जारी कर दिए है ।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे और कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने का समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। ऊना में आज अधिकतम तापमान 35 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस जबकि नाहन में 30 दशमलव 4, कांगड़ा में 29 दशमलव 8, सोलन में 25 और शिमला में 21 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज किन्नौर, चम्बा, लाहौल–स्पीति और कुल्लू ज़िला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं अंधड़, गरज के साथ ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना जताई है। वहीं, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी और शिमला ज़िले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, वर्षा और तेज़ हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## जनगणना

हिमाचल प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने जनगणना को देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य बताया है। जनगणना–2027 की तैयारियों की कड़ी में हमीरपुर में आज जिले के फील्ड ट्रेनरों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। दीपशिखा शर्मा ने कहा कि इस बार 16 वर्षों के बाद होने जा रही भारत की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पालमपुर दौरा रद्द– खराब मौसम के चलते सुरक्षा कारणों से लिया गया निर्णय।
- प्रदेश के चार नगर निगमों सहित 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू।
- शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओ.पी.डी. को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने के फैसले का डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने किया विरोध।
- पश्चिम एशिया में चल रही बदलती स्थिति के बावजूद देशभर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू।
- मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट– प्रदेश के निचले व मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत।